Total number of printed pages – 6

22 Hel 3(iii)/18

# 2018

# ELECTIVE HINDI

**Full Marks – 100**

**Pass Marks – 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खण्ड हैं : क, ख, ग, घ।
2. प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।
4. उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।

**खण्ड – क**

**(वाचन – 10 अंक)**

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या 1 से 3 तक के उत्तर लगभग ***20 - 20*** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 4 से 7 तक के उत्तर *एक-एक* शब्द अथवा शब्द-समूह में लिखिए।

1. टिप्पण की परिभाषा लिखिए। 2
2. टिप्पण-लेखन का उद्देश्य क्या है ? 2
3. टिप्पण-लेखन में कौन-सी बातें लिखना आवश्यक है ? 2
4. 'Ambassador' को हिन्दी में क्या कहते हैं ? 1
5. 'Finance Minister' को हिन्दी में क्या कहते हैं ? 1
6. 'Under Secretary' को हिन्दी में क्या कहते हैं ? 1
7. 'Electricity Department' को हिन्दी में क्या कहते हैं ? 1

## खण्ड – ख

### (लेखन – 15 अंक)

8. मान लीजिए कि आप एक स्थानीय क्लब के सेक्रेटरी हैं । आपके क्लब के वार्षिक समारोह में आपको 'पर्यावरण-प्रदूषण' विषय पर भाषण देना है । अतः आप इस समारोह के लिए इसी विषय पर लगभग ***90*** शब्दों में एक भाषण लिखिए । 7

9. मान लीजिए कि आप इम्फाल में प्रकाशित एक दैनिक समाचार-पत्र के सम्पादक हैं । आप अपने समाचार-पत्र में छपवाने के लिए 'मोबाइल फोन के लाभ तथा इसकी हानियाँ' विषय पर लगभग ***100*** शब्दों में एक सम्पादकीय लेख लिखिए । 8

## खण्ड – ग

### (व्याकरण – 15 अंक)

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या 10 का उत्तर लगभग ***40*** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 11 का उत्तर लगभग ***20*** शब्दों में लिखिए ।

10. पदबंध किसे कहते हैं ? इसके कितने भेद होते हैं ? सोदाहरण लिखिए । 2+2=4

11. 'दुर्बल' और 'निर्बल' समानार्थक शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए । 2

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या 12 से 18 तक के उत्तर ***एक-एक*** वाक्य या शब्द-समूह में लिखिए ।

12. शुद्ध कीजिए – मेरा लौट आना सम्भव नहीं हो सकता । 1

13. शुद्ध कीजिए – महात्मा गांधी आजन्म ब्रह्मचारी रहे । 1

14. 'शुद्ध कीजिए – माताजी ने मुझसे कही । 1

15. 'उलटी गंगा बहाना' मुहावरे का अर्थ लिखिए । 1

16. 'अधजल गगरी छलकत जाए' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए । 1

17. 'नौ दो ग्यारह होना' मुहावरे को वाक्य में प्रयोग कीजिए । 1

18. 'अपना वही जो आवे काम' लोकोक्ति को वाक्य में प्रयोग कीजिए । 1

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या 19 और 20 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

19. 'बुरे के साथ रहने के कारण अच्छे आदमी का भी संकट में पड़ जाना' के लिए उपयुक्त मुहावरा कौन-सा है ? 1

(क) अरमान निकालना (ख) रंग में भंग पड़ना

(ग) आटे के साथ घुन पिसना (घ) कलेजे पर साँप लोटना

20. 'निर्धन कुछ नहीं कर सकता' के लिए उपयुक्त लोकोक्ति कौन-सी है ? 1

(क) नंगा क्या धोए क्या निचोड़े

(ख) आँख का अन्धा गाँठ का पूरा

(ग) चार दिन की चाँदनी फिर अन्धेरी रात

(घ) न एक कहो न दस सुनो

**खण्ड – घ**

**(साहित्य – 60 अंक)**

**(पद्य : प्राचीन – 8 अंक और आधुनिक – 12 अंक)**

21. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2+5=7

(क) दीन सबन को लखत है, दीनहि लखै न कोय ।

जो रहीम दीनहिं लखै, दीनबंधु सम होय ।।

*अथवा*

(ख) सुमिर सनेह सों तू नाम रामराय को ।

संबल निसंबल को, सखा असहाय को ।।

22. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2+5=7

(क) ये उपमान मैले हो गए हैं ।

देवता इन प्रतीकों के कर गए हैं कूच ।

कभी बासन अधिक घिसने से मुलम्मा छूट जाता है ।

*अथवा*

(ख) इस आकाश में विलीन हो जाता हूँ मैं ;

यह आकाश आकर विलीन हो जाता है मुझमें ;

अलग हुए दो

हो जाते हैं एक

हो जाते हैं ।

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या ***23*** का उत्तर लगभग ***40*** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या ***24*** का उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए ।

23. 'भागो ऐ हमलावर ! भागो

सोओ दुष्टों कभी न जागो

तड़ तड़ गोली चलती !'

– उपर्युक्त पंक्तियों का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए । 4

24. सारे दुखों को दूर करने का साधन क्या है ? 1

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या 25 का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

25. 'अमृत के लिए समुद्र-मंथन जारी है । 1

विष-पुरुष हो गए हैं गुंडे ।'

– उपर्युक्त दो पंक्तियाँ किस कविता से उद्धृत की गई हैं ?

(क) 'कलगी 'बाजरे की'

(ख) 'लुहार से'

(ग) 'पुराने सभी देवताओं के मर जाने पर'

(घ) 'इस निस्सीम में मैं'

(गद्य – 25 अंक)

26. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2+5=7

(क) मैंने जो कुछ किया, अपनी रक्षा के लिए ! मैं जीना चाहता था, शान्ति और मेल में रहना चाहता था । मैं नहीं जानता था कि तुम्हारे रहते मेरी यह कामना, यह सामान्य-सी इच्छा भी पूरी न हो सकेगी ।

*अथवा*

*(ख) स्त्री के प्रति हम अन्याय नहीं होने देंगे, जो शोषित है, पीड़ित है उसके प्रति हम कभी भी अन्याय* नहीं होने देंगे ।

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या 27 से 29 तक के उत्तर लगभग ***40 - 40*** शब्दों में लिखिए ।

27. लेखक धर्मवीर भारती के कौसानी जाने का उद्देश्य क्या था ? लेखक की इस कौसानी यात्रा का वर्णन कीजिए । 1+3=4

28. 'इस घर की परम्परा अभी खत्म नहीं हुई है ।'

उपर्युक्त उक्ति में वर्णित 'इस घर की परम्परा' क्या है ? इस उक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए । 1+3=4

29. मातृभाषा के सम्बन्ध में लेखक ख्वाइराकपम चाओबा का विचार स्पष्ट कीजिए । 4

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या 30 से 32 तक के उत्तर ***एक-एक*** वाक्य में लिखिए ।

30. 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' का अर्थ लिखिए । 1

31. दुर्योधन कहाँ छिपा हुआ था ? 1

32. 'ठेले पर हिमालय' निबन्ध का लेखक कौन है ? 1

***निर्देश***: प्रश्न-संख्या 33 से 35 तक का उत्तर प्रश्नों के नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

33. 'जो हो चुका, उस पर शोक करना व्यर्थ है ।' 1

– उपर्युक्त कथन किसका है ?

(क) युधिष्ठिर का (ख) भीम का

(ग) संजय का (घ) दुर्योधन का

34. 'पुरुष का मान, सम्मान, मर्यादा, यहाँ तक कि वैर, प्रतिशोध सब कुछ स्त्री पर निर्भर है ।' 1

– उपर्युक्त वाक्य किस पाठ से उद्धृत किया गया है ?

(क) 'महादेवी वर्मा से साक्षात्कार' (ख) 'महाभारत की एक सांझ'

(ग) 'मानसरोवर के हंस' (घ) 'ठेले पर हिमालय'

35. 'सावनी प्रसून' कौन-सा पुष्प है ? 1

(क) थाबनलै (ख) इडेनलै

(ग) सनारै (घ) कुन्दोरै

**(पूरक पाठ्यपुस्तक – 15 अंक)**

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या 36 का उत्तर लगभग ***90*** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 37 और 38 के उत्तर लगभग ***40-40*** शब्दों में लिखिए ।

36. 'सोना *अथवा* 'बापू के संस्मरण' पाठ का सार लिखिए । 7

37. मणिपुर को 'छोटा-सा भारत' क्यों कहा जाता है ? 4

38. गांधीजी को 'जीती-जागती शक्ति' क्यों कहा गया ? 4